
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-148 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 10 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# मुख्यमंत्री योगी ने सुवेंदु को पहनाया भगवा पटका, तय हुई बंगाल की सियासत की केसरिया धारा







( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बंगाल में थे. यहां बंगाल के शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने भाग लिया. शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक खास बात रही. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को भगवा पटका पहनाया. योगी आदित्यनाथ ने इस लटके को पहनकर एक बात स्पष्ट कर दी कि निश्चित तौर पर अब बंगाल की सियासत भारतीय जनता पार्टी के शासन में केसरिया धारा में बहेगी. जिस तरह से योगी ने उत्तर प्रदेश में भगवा राजनीति की है बंगाल में भी इस परंपरा को बीजेपी आगे बढ़ाएगी.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक जनसभा में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने योगी के पैर छुए थे. जितनी सीटों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा की उनमें से 85% पर बीजेपी को जीत हासिल हुई. उसके बाद में शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री का यह जेस्चर और अधिक प्रभावित कर गया. वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक अविनाश मिश्र ने बताया कि निश्चित द्वार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जो संदेश है वह स्पष्ट है. मंच पर अपने हाथ से केसरिया पटका शुभेंदु अधिकारी को पहनाने से यह बात स्पष्ट हो गई कि भगवा राजनीति का नया केंद्र अब बंगाल बनेगा. यहां हिंदुत्व के नए प्रयोग होंगे जो कि उत्तर प्रदेश में सफल हो चुके हैं. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी लहर बंगाल में फैला दी है. बंगाल के मुख्यमंत्री को स्पष्ट संकेत है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अंदाज में आगे चलकर उन्हें पश्चिम बंगाल को तरक्की की राह पर ले जाना है. बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान आज के बंगाल सीएम सुवेंदु अधिकारी ने यूपी सीएम योगी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद मांगा था. अब आज सुवेंदु के शपथ ग्रहण समारोह में सीएम योगी ने सुवेंदु अधिकारी को फटका पहना कर बंगाल में विकास की धारा बहा दी है.

# सुवेंदु बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री



**कोलकाता।** सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम के पास गए और उन्हें झुककर प्रणाम किया। बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 5 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे।

शपथ में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पीएम ने भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर आते ही प्रधानमंत्री सीधे सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और फिर उनके पैर छुए। पीएम ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि दी। बंगाली कैलेंडर के मुताबिक पोचिसे बोइशाख के दिन (9 मई) गुरुदेव की 165वीं जयंती है। पीएम ने भाजपा कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पैर छुए। 1952 के कश्मीर आंदोलन के दौरान माखनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया था। वे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ तिरंगा फहराने के लिए गए थे। शपथ के बाद हरियाणा सीएम नायब सैनी, बिहार सीएम सम्राट चौधरी, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग, अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू और मेघालय सीएम कॉनराड संगमा ने एयरपोर्ट पर नजर आए। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। बांग्लादेश अवामी लीग की अध्यक्ष और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की जीत के बाद मुख्यमंत्री बनने पर सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी। शेख हसीना, फिल्हाल भारत में ही शरण लिए हुए हैं। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के दिवंगत कार्यकताओं देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पॉल के परिवारों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में कहा कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत दिखाती है कि पार्टी की विचारधारा को अब वहां के लोगों के बीच पहचान मिल गई है।राज्य में सत्ता परिवर्तन बंगाल के विकास का रास्ता बनाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में सुवेंदु अधिकारी के शपथ समारोह में शामिल होने से पहले एजेंसी से बात कर रहे थे। बीजेपी ने हाल ही में हुए चुनावों में 294 सदस्यों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में 207 सीटें हासिल कीं, जिससे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का 15 साल का शासन खत्म हो गया और पूर्वी भारत में उसकी सबसे बड़ी सफलता की कहानी लिखी। भवानीपुर विधानसभा सीट पर टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी को हराने वाले सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पहले बीजेपी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने जोरासांको ठाकुरबाड़ी में श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मीडिया के सामने एक गीत गाया। जैसे ही सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, उनके पिता शिशिर कुमार अधिकारी ने कहा, हमने नंदीग्राम की लड़ाई लड़ी और उस संघर्ष की अगुआई सुवेंदु ने की थी। बार-बार, अलग-अलग तरीकों से उन्हें पीछे धकेलने की कोशिशें की गईं, लेकिन आज आम लोगों को भी जीत मिली है। यह सिर्फ नंदीग्राम की बात नहीं है, आज कोलकाता और पूरे पश्चिम बंगाल की संस्कृति और भावना को पहचान मिली है। कोलकाता में बीजेपी समर्थक शरीर पर मोदी की तस्वीर पेंट करवाकर परेड ग्राउंड पहुंचा। लोग यहां जश्न मना रहे हैं और नारे लगा रहे हैं, क्योंकि वे राज्य में पहली बीजेपी-नीत सरकार बनने से खुश हैं। कांथी में सुवेंदु के पड़ोस में रहने वाले शख्स ने कहा- शुरू से ही, सुवेंदु अधिकारी हमेशा अपने साथियों और दोस्तों के साथ एकजुट होकर खड़े रहे हैं, और हमेशा मदद के लिए तैयार रहे हैं।

## सुर्खियां............

### व्यापारी की आत्महत्या पर आया नया मोड

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में एक व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने नगर के एक परिवार पर मानसिक उत्पीड़न, मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए शनिवार दोपहर को कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला प्रताप नगर निवासी मनोज कुमार हिंगवासिया लवली चौराहा स्थित मुखिया मार्केट में इलेक्ट्रिकल और कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते थे। मृतक के पुत्र प्रखर हिंगवासिया ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 19 जुलाई 2025 को रुपये के लेन-देन को लेकर शिवचरन अग्रवाल उर्फ राजा नमकीन, उनके पुत्र राहुल अग्रवाल और पत्नी मीना अग्रवाल दुकान पर पहुंचे थे। आरोप है कि बकाया रुपये मांगने पर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मनोज कुमार को दुकान से घसीटकर सड़क पर लाकर मारपीट की गई।

### मकान के सीढ़ी बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मकान के सीढ़ी बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी एक पक्ष के असलम एवं दूसरे पक्ष के तुफैल, उम्रर, जुबैर, तौफीक, खुर्शीद व इकबाल के बीच मकान की सीढ़ियां बनाने को लेकर विवाद हो गया। शुरूआती बातचीत से शुरू हुआ विवाद बाद में गाली, गलौज होकर हाथापाई तक पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों के समझाने का प्रयास किया। समझाने के बाद भी न मानने पर वहां मौजूद लोगों ने विवाद की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी।

# नवीन बन खालिद हुसैन ने हिंदू युवती को फँसाया, बंधक बना कई लोगों से कराया निकाह

## बार-बार हलाला भी: 14 साल तक चली दरिंदगी, गाजियाबाद पुलिस ने दबोचा



( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबाद।** पुलिस ने लव जिहादी खालिद हुसैन को गिरफ्तार किया। उसने इंदौर की हिंदू को 'नवीन राणा' अपने चंगुल में फँसाया और फिर उसका शोषण किया। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक रूह कँपा देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने लोनी के रहने वाले खालिद हुसैन को एक हिंदू युवती के साथ सालों तक धोखाधड़ी, जबरन धर्मांतरण और शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मामला 2012 में शुरू हुआ था, जब फेसबुक के जरिए इंदौर की रहने वाली हिंदू युवती की मुलाकात 'नवीन राणा' नाम के एक लड़के से हुई। आरोपित ने खुद को हिंदू बताकर युवती को अपने प्रेमजाल में फँसा लिया। बाद में पता चला कि उसका असली नाम नावेद था। आरोपित ने शादी का झांसा देकर युवती को दिल्ली बुलाया और उसका मोबाइल फोन घर पर ही छुड़वा दिया ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके।

हिंदू युवती का कहना है कि आरोपित अक्सर उससे मिलने इंदौर आता था और एक दिन उसे दिल्ली बुला लिया। आरोप है कि दिल्ली आने से पहले उससे मोबाइल घर पर छोड़ने को कहा गया और वहाँ पहुँचने पर दूसरा फोन दे दिया गया। इसके बाद आरोपित का दोस्त उसे हजरत निजामुद्दीन लेकर पहुँचा, जहाँ से उसे मुजफ्फरनगर भेज दिया गया।युवती को दिल्ली से मुजफ्फरनगर भेज दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसे 14 साल तक अलग-अलग शहरों (मेरठ, जयपुर, खतौली) के मदरसों और गुप्त ठिकानों पर बंधक बनाकर रखा गया। वहाँ उसे जबरन इस्लामिक तौर-तरीके सिखाए गए। सुबह 4 बजे उठाकर नमाज पढ़ने और कुरान पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। विरोध करने पर उसे खाना नहीं दिया जाता था और मारपीट की जाती थी। पीड़िता ब्राह्मण परिवार से थी, लेकिन उसे जबरन नॉनवेज खिलाया जाता था। हिंदू युवती के मुताबिक, इस दौरान उसका कई बार अलग-अलग लोगों से निकाह कराया गया। पहले उसका निकाह एक उम्रदराज व्यक्ति अब्दुल रहमान से कराया गया, जिसने बाद में फोन पर ही उसे 'तीन तलाक' दे दिया। इसके बाद उसका हलाला कराया गया और फिर मुदस्सिर पठान से निकाह हुआ, जिसकी बाद में मौत हो गई। आखिर में 2021 में उसका निकाह खालिद हुसैन से कराया गया। आरोप है कि खालिद ने भी उसे तलाक दे दिया और फिर हलाला के नाम पर अपने जीजा के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। पीड़िता को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म भी किया गया। , जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। गाजियाबाद की अंकुर विहार पुलिस ने मुख्य आरोपित खालिद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे नेटवर्क से जुड़े 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपितों पर दुष्कर्म, जबरन धर्मांतरण, मारपीट और बंधक बनाने जैसी गंभीर धाराएँ लगाई गई हैं। पुलिस अब इस पूरे गिरोह की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

# 'मोदी राज से मुक्ति दिलाएगा पंजाब', औरंगजेब से पीएम मोदी की तुलना, केजरीवाल का बीजेपी पर बड़ा हमला



( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली:** बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत के बाद अब पार्टी की नजर पंजाब पर टिक गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बीजेपी अब पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। ऐसे में पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर भी दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है।

इसी बीच ,क्क प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। अरविंद केजरीवाल ने अपने बयान में कहा कि 'कई सौ साल पहले औरंगजेब ने अत्याचार करके भारत के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। आज मोदी जी ने भी बेईमानी करके भारत के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया है।' औरंगजेब ने अत्याचार करके भारत के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया था, आज मोदी जी ने भी बेईमानी करके भारत के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। केजरीवाल ने अपने बयान में सिख गुरु साहिबानों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'औरंगजेब के अत्याचारों का हमारे गुरु साहिबान ने डटकर सामना किया और अपनी कुर्बानियां दीं।' उन्होंने दावा किया कि पंजाब के लोग गुरु साहिबान की कुर्बानियों से प्रेरणा लेकर अत्याचारों के खिलाफ लड़ेंगे।,क्कप्रमुख ने कहा कि अब पंजाब के लोग मोदी सरकार के खिलाफ मजबूती से खड़े होंगे और पूरे देश को 'मोदी राज के अन्याय' से मुक्ति दिलाने का काम करेंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंजाब चुनाव से पहले,क्क बीजेपी के खिलाफ आक्रामक हिंदुत्व और संघीय राजनीति के मुद्दे को बड़ा चुनावी हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने कहा पंजाब के घर घर में श्रेष्ठ रेड की चर्चा है। जिस तरह मोदी जी और बीजेपी पंजाब के साथ कर रहे हैं, लोग उन्हें खूब भला बुरा कह रहे हैं। यहां तक कि बीजेपी वाले खुद भी बीजेपी की खूब बुराई कर रहे हैं। मोदी जी पंजाब को कभी समझे ही नहीं। एक पंजाबी प्यार से अपना सब कुछ दे देगा, लेकिन उसके साथ धोखा करोगे तो पूरी ताकत से बदला लेगा। मोदी जी, चार श्रेष्ठ की रेड और करवा दो, बीजेपी की सारी सीटों पे जमानत जब्त हो जाएगी। जिनको आप गिरफ्तार करोगे वो तो चार दिन बाद बाहर आ जाएंगे, पर बीजेपी अगले बीस साल पंजाब में घुसने लायक नहीं बचेगी। केजरीवाल के बयान के बाद पंजाब समेत देशभर की राजनीति गरमा गई है। बीजेपी इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी पर हमला तेज कर सकती है। आने वाले दिनों में पंजाब चुनाव को लेकर बीजेपी और,क्कके बीच बयानबाजी और सियासी टकराव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

# 48 घंटे के भीतर 35 एनकाउंटर: 3 अपराधी ढेर, 36 घायल और 60 से ज्यादा गिरफ्तार... क्कमें अब तक का सबसे बड़ा एक्शन




( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले 2 दिनों में मुठभेड़ की 35 कार्रवाइयां कीं तथा इस दौरान 3 कथित अपराधी मारे गए, 36 से अधिक घायल हुए और 60 से ज्यादा संदिग्ध गिरफ्तार किए गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कहा कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान ऐसे समय में चलाया गया जब एनसीआरबी की क्राइम इन इंडिया 2024 रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अपराध दर प्रति एक लाख आबादी पर 180.2 है, जबकि राष्ट्रीय औसत 252.3 से कम है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार 6 और 7 मई को मुजफ्फरनगर, हरदोई, मथुरा, बरेली, गोंडा, इटावा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शामली, वाराणसी, फतेहपुर, कौशांबी, अमरोहा, रायबरेली, जौनपुर और मऊ समेत कई जिलों में मुठभेड़ हुईं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, ज्यादातर मामलों में आरोपियों ने भागने की कोशिश में पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई की। जवाबी फायरिंग में अधिकतर संदिग्धों के पैरों में गोली लगी। इन मुठभेड़ों में 36 आरोपी घायल हुए, जबकि 20 अन्य को तलाशी अभियानों में बिना चोट के गिरफ्तार किया गया। दो अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिनकी हालत स्थिर है। पुलिस के अनुसार सबसे ज्यादा 7 मुठभेड़ मुजफ्फरनगर में हुईं, जहां 10 आरोपियों को गोली लगी और 11 अन्य गिरफ्तार किए गए। ये मुठभेड़ लूट, डकैती, मोबाइल छीनने और चोरी के मामलों से जुड़ी थीं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ की तलाश पंजाब पुलिस को भी थी और कई पर नकद इनाम घोषित था।

पुलिस के मुताबिक मथुरा में बावरिया गिरोह के 2 कथित सदस्य पप्पू उर्फ राजेंद्र और धर्मवीर उर्फ लंबू पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। दोनों राजस्थान के रहने वाले थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि ये आरोपी पिछले महीने एक परिवार को बंधक बनाकर लूट की वारदात में शामिल थे तथा उनपर 50,000 रुपए का इनाम था। कुमार ने कहा कि राजेंद्र 11 और धर्मवीर 16 आपराधिक मामलों में वांछित थे। उन्होंने कहा कि इस मुठभेड़ में 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। पुलिस ने बताया कि हरदोई में मुठभेड़ में कथित हिस्ट्रीशीटर मेनूर उर्फ मेहनुद्दीन को मारा गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि उस पर 7 साल के बच्चे के अपहरण, यौन उत्पीड़न और हत्या का आरोप था। मीणा के अनुसार कन्नौज निवासी मेनूर पर एक दर्जन मामले दर्ज थे और 50,000 का इनाम था। एसपी के अनुसार वाहन चेकिंग के दौरान घेरने पर उसने गोली चलाई थी तब, जवाबी कार्रवाई की गई। उनके मुताबिक इस मुठभेड़ में एक उपनिरीक्षक के हाथ में गोली लगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2017 से अब तक राज्य में पुलिस मुठभेड़ों में 272 अपराधी मारे गए और 11,000 से अधिक घायल हुए हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत 85,000 से ज्यादा आरोपियों पर कार्रवाई हुई, जबकि 977 पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया। डीजीपी ने बीते गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े पुलिस के लगातार प्रयासों को दिखाते हैं, जिनमें आधुनिक थाने, एंटी-रोमियो स्क्वॉड, महिला हेल्प डेस्क और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई शामिल है।

# तखत ग्रुप की अनोखी मुहिम लगातार जारी, सातवें दिन घर-घर बांटे जलपात्र

## पक्षियों के संरक्षण को किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने और उनके संरक्षण के उद्देश्य से तखत ग्रुप की ओर से चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान शनिवार को सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान शहर के मोहल्ले चौबयाना में घर-घर पहुंचकर गौरैया सहित अन्य पक्षियों के लिए मिट्टी के जलपात्र वितरित किए गए। चौबयाना में यह अभियान आशीष चौबे लंबरदार के नेतृत्व में चलाया गया। तखत ग्रुप के सदस्य ई-रिक्शा में 350 से अधिक मिट्टी के जलपात्र लेकर मोहल्ले पहुंचे। पक्षी आए तो आए तेरे द्वार, पिला दो पानी बर्तन में जैसे प्रेरणादायक संदेश के साथ सदस्यों ने लोगों से सुबह-शाम पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की। अभियान के दौरान छोटे बच्चों को



टॉफियां वितरित कर उन्हें भी पक्षियों के संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया गया। इस मानवीय पहल को लेकर मोहल्लेवासियों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने तखत ग्रुप की इस मुहिम की सराहना की। कार्यक्रम में आशीष चौबे लंबरदार, अशोक अनौरा, सतेन्द्र प्रताप सिंह सिसोदिया, मज्जू सोनी, विद्या मालवीय, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, राजीव चौबे बुढ़वार, रिंकू बबेले, सुमेर जैन, बृजेश लाला, पप्पू पटवा, सुदामा मिश्रा, जितेन्द्र गोस्वामी गप्पू, मकरंद किलेदार विक्की, रामकोटि तिवारी, मनीष पटाखा, मिंटू सिंघई, जगदीश सोनी, विजय शर्मा कुक्कन, नीलेश तिवारी, अमित तिवारी, गोल्डी चौबे तथा अमित लखेरा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। तखत ग्रुप की यह मुहिम शहर में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करने के साथ-साथ पक्षियों के संरक्षण का संदेश भी दे रही है।

# व्यापारी की आत्महत्या पर आया नया मोड

( यंग भारत न्यूज )

- मृतक के परिजनो ने एक परिवार पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप
- परिजनो ने दिया प्रार्थनापत्र, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कोंच** नगर में एक व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने नगर के एक परिवार पर मानसिक उत्पीड़न, मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए शनिवार दोपहर को कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला प्रताप नगर निवासी मनोज कुमार हिंगवासिया लवली चौराहा स्थित मुखिया मार्केट में इलेक्ट्रिकल और कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते थे। मृतक के पुत्र प्रखर हिंगवासिया ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 19 जुलाई 2025 को रुपये के लेन-देन को लेकर शिवचरन अग्रवाल उर्फ राजा नमकीन, उनके पुत्र राहुल अग्रवाल और पत्नी मीना अग्रवाल दुकान पर पहुंचे थे। आरोप है कि बकाया रुपये मांगने पर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मनोज कुमार को दुकान से घसीटकर सड़क पर लाकर मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की भी बात कही गई है।परिजनों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे आरोपियों के हौसले बढ़ गए। घटना के बाद से मनोज कुमार लगातार मानसिक तनाव में रहने लगे और गहरे अवसाद में चले गए।तहरीर के मुताबिक 7 मई 2026 की शाम वह घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। तलाश के दौरान मंदिर के पास उनके कपड़े और अन्य सामान मिले। वहीं मंदिर की दीवार पर कथित तौर पर उनकी हैंडराइटिंग में लिखा सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें अपमान और मारपीट का जिक्र था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुएं से शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि मामले की हर बिंदु फर गहनता से जांच की जा रही है। इस मौके पर साकेत शाण्डिल्य, रंजन गोस्वामी, धर्मेंद्र बबेले, राघवेंद्र तिवारी, भास्कर दुबे, आदित्य वैद, निर्मल गोस्वामी, अर्जुन वैद, मोनू पण्डित, ऋषभ विदुआ, सौरभ शुक्ला, रितिक दुबे, सनी दुबे, आकाश उदैनिया, अशुतोष रावत, संतोष तिवारी, अर्पित वाजपेयी, अमित रावत, विभोर सीरोठिया, अनूप सोनकिया, दीपू गोस्वामी, सुधीर गोस्वामी, कृष पाठक,गौरव तिवारी सहित सैकड़ों ब्राह्मण बन्धु कोतवाली में मौजूद रहे।

# हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी पर जोर

### -मातृ मृत्यु दर कम करने को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सभागार में हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान, निगरानी और बेहतर प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ शेषनाथ चौहान ने की। बैठक का उद्देश्य जनपद में मातृ मृत्यु दर को कम करना और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। बैठक में प्रभारी सीएमओ डा.अमित तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है, लेकिन इसे और बेहतर करने के



लिए सतत प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सभी हाई रिस्क गर्भवतियों की समय पर जांच और सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ शेषनाथ चौहान ने निर्देश दिए कि प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती महिला की कम से कम तीन अतिरिक्त एएनसी जांच प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवसों में कराई जाए। बैठक में डा.अमित तिवारी ने कहा कि सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों का प्रसव एफआरयू स्तर के अस्पतालों में कराया जाए, जहां ब्लड बैंक और अन्य आपात सुविधाएं उपलब्ध हों। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि एएनएम और सीएचओ के लिए हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान और दस्तावेजीकरण को लेकर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। वहीं मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रत्येक गर्भवती महिला के लिए विशेष बर्थ प्लान तैयार करने की जानकारी दी। बैठक में नीरज, डा.वीरेन्द्र सिंह, रजिया फिरोज, विभिन्न ब्लॉकों से आए चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मकान के सीढ़ी बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद

## दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मकान के सीढ़ी बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी एक पक्ष के असलम एवं दूसरे पक्ष के तुफैल, उम्रर, जुबैर, तौफीक, खुर्शीद व इकबाल के बीच मकान की सीढ़ियां बनाने को लेकर विवाद हो गया। शुरूआती बातचीत से शुरू हुआ विवाद बाद में गाली, गलौज होकर हाथापाई तक पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों के समझाने का प्रयास किया। समझाने के बाद भी न मानने पर वहां मौजूद लोगों ने विवाद की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुची पुलिस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा टीबी एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अध्यक्षता जिला क्षय रोग अधिकारी



डा.आर.एन. सोनी ने की, जबकि संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डा.एस.पी. पाठक ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लडने् के लिए सिर्फ दवाइयां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि पोषण पोटली में मूंगफली, चना, दाल, सत्तू, सोयाबीन, गुड़ और अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री शामिल की जाती है, जो मरीजों की कमजोरी दूर करने और तेजी से स्वास्थ्य लाभ दिलाने में मददगार होती है। कार्यक्रम में मरीजों को दाल, चना, सोया, गुड़, प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं। इस दौरान डा.धीरेन्द्र वैद्य, संतोष शर्मा, डा.अमिताभ पाराशर, अजय बरया, डा.अजय जैन रसिया, राजेश लिटौरिया, डा.गजेंद्र चौहान ने मरीजों को नियमित उपचार और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डा.जे.एस. बक्शी, डा.हुसैन खान तथा आदेश श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिद्धि सागर एकेडमी में मदर्स डे धूमधाम से मनाया

### -बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड देकर जताया प्यार

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** सिद्धि सागर एकेडमी में मदर्स डे के उपलक्ष्य में शनिवार को एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के सहयोग से अपनी माताओं के लिए आकर्षक




ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए और उन्हें भेंट कर अपने प्रेम व सम्मान का इजहार किया। पिंक डे थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनकी माताएं भी गुलाबी रंग के परिधानों में नजर आईं, जिससे पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं को ग्रीटिंग कार्ड देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं माताओं ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भी नृत्य, गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन ने कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु और संस्कारों की पहली पाठशाला होती है। मां ही बच्चे को जीवन के शुरुआती कदमों से आगे बढना् सिखाती है, इसलिए भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकिता जैन, सीमा अरोरा, कल्पना, नीरज, सरिता, एकता, राशि, शिवानी, जेली, कल्पना राय, साथी, पूजा, महिमा, छाया, रश्मि, दृष्टि, महरीन, रजनी, रीना, हेमंत, अखिलेश, विवेक तथा धर्मेन्द्र सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# शहीद रेल कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

( यंग भारत न्यूज )

ललितपुर। शहीद दिवस के अवसर पर स्थानीय शाखा कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष शांतनु पुरोहित की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेल कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में शहीद हुए रेल कामगार साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शहीद रेल कामगारों के संघर्ष, त्याग और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई में शहीद हुए साथियों का योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त शाखा सचिव सचिन यादव, शाखा कोषाध्यक्ष सुभाष यादव, शाखा उपाध्यक्ष पूरनलाल एवं कैलाश नारायण, सहायक शाखा सचिव प्रेमचंद मीणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र पाल, जितेंद्र नामदेव, रुपेश यादव, रिपुसूदन प्रसाद, सारांश दुबे, राहुल रजक, सुरेंद्र कुमार, मोहम्मद मुजीब खान, शिवशंकर सैनी, हरिमोहन वैद्य, दिनेश राजपूत, नितिन मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवादी संकल्प पार्टी की अध्यक्षा का महरौनी आगमन पर हुआ स्वागत

## पार्टी की मजबूती पर दिया बल, कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़

( यंग भारत न्यूज )



**मड़ावरा ( ललितपुर )।** महरौनी में राष्ट्रवादी संकल्प पार्टी की अध्यक्षता विमलेश सिंह परिहार झांसी एवं राष्ट्रवादी संकल्प पार्टी के संस्थापक हरि प्रकाश सिंह खंगार, राष्ट्रीय महासचिव कृपाल सिंह, दिल्ली प्रदेश सचिव मातादीन, प्रदेश सचिव अमित सिंह, उरई जालौन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार झा के नगर महरौनी में आगमन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी की मजबूती पर जोर दिया। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ है। आज पार्टी का विस्तार बड़े स्तर पर कार्यकर्ता की मेहनत के कारण आगे है। खंगार समाज के साथ साथ सभी समुदाय के लोगों के सहयोग से पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। इस दौरान महेंद्र कुमार रायकवार, अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुनील कुमार, जिला सचिव झांसी अखिलेश परिहार, प्रदेश सचिव एवं प्रत्याशी बबीना झांसी की कुमारी खुशी राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान क्षत्रिय ठाकुर भानसिंह खंगार राष्ट्रीय संरक्षक, ठाकुर छत्रसाल सिंह खंगार (प्रदेश अध्यक्ष), प्रदेश सचिव तेजसिंह खंगार, धौरपुरा अर्जुन सिंह खंगार, युवा जिला उपाध्यक्ष दुष्यन्त सिंह खंगार युवा नगर अध्यक्ष, महरौनी महिला जिलाध्यक्ष शशी खंगार, महिला जिला उपाअध्यक्ष पेरादेवी खंगार, श्रीराम परिहार, सरमनलाल खंगार, जीवन सिंह, सुरेशचन्द जैन परिहार, लखनसिंह परिहार, लक्ष्मीनारायण तिवारी, नारायणदास सोनी, दिनेश सिंह खंगार, रामचरण पाल, भईयन खंगार प्रधान छपरट, जगदीश खंगार बानपुर, रमेश खंगार तलऊ, देवव्रत खंगार बलदेवगढ़, पारस जेन, नीरज कुशवाहा, एस.साहू, प्रवेश सेन, सत्येन्द्र परिहार, भुल्लन खंगार, जगननाथ परिहार तलऊ, छोटू, अनुज, मुकेश परिहार, नीलेश अहिरवार, अखिलेश सोनी महरौनी, आबिद हुसैन, महरौनी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक भान सिंह परिहार महरौनी द्वारा किया गया।

# पहाड़गांव चुंगी से संतोषी माता मंदिर तक 3 करोड 70 लाख से बनेगी 2.40 किमी सड़क

### -विधायक ने भूमिपूजन कर कार्य का शुभारम्भ कराया

### -क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोडेगे- विधायक

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर की पहाड़गांव चुंगी तिराहा से संतोषी माता मंदिर होकर कांशीराम कॉलोनी के पीछे से दशहरा मेला मैदान तक 3 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से 2.40 किमी लंबी और साढ़े 5 मीटर चौड़ी सड़क के प्रस्तावित निर्माण कार्य का विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारम्भ कराया।



पहाड़गांव चुंगी तिराहा पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल आदि ने मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर कार्य का शुभारम्भ कराया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि इस प्रमुख सड़क के निर्माण कार्य के लिए वह लंबे समय से पैरवी कर रहे थे। पिछले बजट में स्वीकृति भी हो गई थी लेकिन बजट उतना अपेक्षित नहीं था इसलिए इस सड़क की दशा सुधरने में थोड़ा सा विलंब हुआ है। मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में नगर क्षेत्र के हित में उनकी इस मांग को पूरा करने पर वह मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग मंडल मुख्यालय झांसी को जोड़ने वाला है। सुगम आवागमन के लिहाज से कोंच सहित पूरी विधानसभा क्षेत्र में एक भी जर्जर सड़क नहीं रहने दी जाएगी, प्राथमिकता के साथ नई सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।वही पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि इस प्रमुख सड़क की दशा सुधरने में विधायक की पहल निश्चित रूप से अभिनंदनीय है जिसके लिए वह नगर की जनता की ओर से विधायक का आभार व्यक्त करते हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि विधायक के मार्गदर्शन में एक साल के भीतर नगर के चौराहों और तिराहों सहित सभी सड़कों का सौंदर्यीकरण का काम कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नंदकिशोर ने बताया कि पहले यह सड़क पौने 4 मीटर चौड़ी थी जो कि अब साढ़े 5 मीटर चौड़ी बनाई जा रही है। इस सड़क मार्ग पर लगे बिजली के पोलों केबिल आदि को हटाए जाने के लिए बिजली विभाग को 65 लाख और पानी की पाइप लाइन हेतु जलसंस्थान को 25 लाख रुपए सड़क निर्माण की कुल लागत में से दिए जाएंगे। इस मौके पर अवर अभियंता इंदल सिंह, भाजपा कोंच ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल बोहरा, नदीगांव मंडल अध्यक्ष अनुराग खरे, केशरीमल तरसौलिया, सभासद दंगल यादव, महेंद्र कुशवाहा, महेंद्र सोनी, रविकांत कुशवाहा, विनोद सोनी सहित जिला मंत्री बाबूराम पाल, अशोक गुर्जर, हरिमोहन वर्मा, गौरी चबोर,प्रदीप पटेल धनौरा, विकास पटेल, विपिन पटेल, तीते गहोई, नरेश वर्मा, ओपी कुशवाहा, ओपी अग्रवाल एड, प्रधान अवधेश पटेल, प्रदीप वर्मा, ठेकेदार हाजी हिफजुर्रहमान आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन सभासद अनिल वर्मा ने किया।

# न्यायालयों एवं जिला प्रशासन में 236828 मामलों को आज निस्तारित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आज 09 मई को प्रात:काल 08:00 बजे जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत् उद्घाटन किया गया। जनपद की सभी तहसीलों मे स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसी क्रम में आज माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नवीन पहल करते हुये जनसामान्य के लिये स्वास्थ्य शिविर, एक जिला एक उत्पाद एवं जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन लोकअदालत में किया गया।

राष्ट्रीय लोकअदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी-। द्वारा बताया गया कि आज जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज द्वारा 22 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु0 1,26,85,153/- रू0 धनराशि पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 15 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामलें निस्तारित किये। इनके द्वारा 04 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। अपर कुटुम्ब न्यायाधीश प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा 34 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इनके द्वारा 02 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा 78 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को 29,20,000/-रू0 धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी। स्थायी लोक अदालत (पी0यू0एस0) के अध्यक्ष राजवर्धन गुप्ता द्वारा भी 01 मुकदमा में पक्षकारों के मध्य सुलह कराते हुये उन्हें विवाद से राहत प्रदान की गयी। अपर जिला जज-प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी द्वारा 02, विशेष न्यायाधीश (एस0सी0एस0टी0 एक्ट) सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा 06, विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0) श्री चन्द्रमोहन चतुर्वेदी द्वारा 02, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट0) मुन्नाप्रसाद द्वारा विशेष प्रयास करते हुये विद्युत अधिनियम के 228 मुकदमों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) राजीव सिंह द्वारा 02 मुकदमों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे द्वारा कुल 2951 आपराधिक वादों का निस्‍?तारण किया गया। सिविल जज सी0डि0 श्रीमती प्रतिभा द्वारा सिविल के 04 व फौजदारी के 50 एवं अपर सिविल जज सी0डि0 श्रीमती मनाली चन्द्रा द्वारा दीवानी प्रकृति के 02 व फौजदारी के 100 वादो का, सिविल जज सी0डि0 (एफ0टी0सी0) रजत सिंह यादव द्वारा दीवानी प्रकृति के 02 व फौजदारी के 81 वादो में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। सिविल जज जू0डि0 उरई प्रत्यूष प्रकाश द्वारा दीवानी के 04 वाद फौजदारी के 163, न्यायिक मजिस्ट्रेट उरई श्रीमती शिंजनी यादव द्वारा फौजदारी के 450, सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0/सीएडब्ल्यू अनिरुद्ध सिंह द्वारा फौजदारी के 103, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 14वां वित्त आयोग सुश्री शैलजा द्वारा दीवानी वाद फौजदारी वाद 53, अपर सिविल जज जू0डि0 प्रथम श्रीमती अंकिता सिंह (पंचम) द्वारा फौजदारी के 50, सिविल जज जू0डि0 कोंच सतनाम यादव के द्वारा दीवानी के 02 वाद फौजदारी के 226 वाद, अपर सिविल जज जू0डि0 कोंच मु0 फरहान के द्वारा फौजदारी के 206 एवं दीवानी के 02 वाद, सिविल जज जू0डि0 कालपी अभिषेक चौधरी के द्वारा फौजदारी के 511, अपर सिविल जज जू0डि0 कालपी सुधांशु सिंह के द्वारा फौजदारी के 115, जालौन दीवानी न्यायालय के न्यायिक अधिकारी श्री जावेद खां द्वारा दीवानी के 02 वाद फौजदारी के 496 एवं अपर सिविल जज जू0डि0 जालौन सुश्री निकिता सिंह के द्वारा दीवानी के 01 वाद व फौजदारी के 214, ग्राम न्यायालय माधौगढ़ के न्यायाधिकारी विनय कुमार चाहर द्वारा 01 दीवानी एवं 67 फौजदारी एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सैयद अली मेहदी आबिदी द्वारा कुल 115 मामलों का निस्तारण करते हुये विभिन्न न्यायालयों द्वारा 274350/-रू0 कोष में जमा कराये। आज राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले की विभिन्न बैंकों एवं श्रीराम फाईनेन्स लि0 के बकाया ऋण के 378 मामलों में समझौता कराया गया। इनके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट और तहसीलदार न्यायालयों द्वारा राजस्व संहिता और फौजदारी के कुल 2562 मामलों सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रकृति के 227905 मामले निस्तारित किये गये। इस प्रकार न्यायालयों एवं जिला प्रशासन में 236828 मामलों को आज निस्तारित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शिवानी प्लाजा में आयोजित की गयी गोष्ठी

## महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, परिश्रम और देशभक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए--विजयप्रताप



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** शहर के रामेश्वर चौराहा के पहले स्थित शिवानी प्लाजा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करणी सेना के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह जादौन ने की। इस मौके पर क्षेत्रीय समाज के युवा नेता विजय प्रताप सिंह राजावत विशेष रूप से मौजूद रहे।

सबसे पहले महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विजय प्रताप सिंह राजावत ने महाराणा प्रताप के साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति एवं त्यागमयी जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्शों एवं विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।करणी सेना के जिलाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, परिश्रम और देशभक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए उन्होंने अनुशासन, नैतिकता एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विजय प्रताप सिंह राजावत, यादवेंद्र सिंह जादौन, मनोज बोहदपुरा, लक्ष्यवीर सिंह चौहान जिलाध्यक्ष करणी सेना, रामेंद्र सिंह बना जी, मनोज चौहान, राघवेंद्र सिंह रूरा, बीरू लौना सहित दर्जनों क्षेत्रीय समाज के लोग मौजूद रहे।

# पाल बघेल महासभा का चौदहवां सामूहिक कन्या विवाह समारोह में सात जोड़े हुए एक-दूजे के

## महाकवि कालीदास उ.मा. विद्यालय लहारियापुरवा उरई में आयोजित हुआ विवाह समारोह

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पाल बघेल महासभा शाखा जालौन का चौदहवां सामूहिक कन्या विवाह समारोह महाकवि कालिदास उ.म. विद्यालय लहारियापुरवा उरई में आयोजित किया गया जिसमें सात जोड़े एक-दूजे के हुए इस दौरान वर-वधू मौजूद को अतिथियों ने आर्शीवाद दिया।

पाल बघेल समाज सामूहिक विवाह में समारोह में सात जोड़े हुए एक-दूजे के जिनमें पान श्री तिरही संग अशिक कुमार ग्राम लुहरगांव, अर्चना पाल ग्राम छौक संग जीतू पाल ग्राम नौरेजपुर पीपली, अलका देवी ग्राम द्वारिकापुरी संग रामविलास निवासी बजरिया न्यूलिवासा हमीरपुर, शेजल पाल ग्राम हरदोई गूजर संग विमल पाल ग्राम अकबरपुर इटौरा, आरती देवी ग्राम रामपुरा संग पूरन सिंह ग्राम कुकहनू महेवा, रेशमा देवी ग्राम धनौरा-हमीरपुर, अंजली पाल ग्राम बुढेरा भी संग रिंकू पाल निवासी परसाला रोन भिंड शामिल हैं।

कार्यक्रम का आयोजन पाल-बघेल समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल फौजी व उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया। विवाह समारोह में प्रमुख रूप से संरक्षक श्रीराम पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पाल बघेल विकास महासभा, मुख्य अतिथि शम्भूदयाल बघेल ग्वालियर, प्रमुख अतिथि राजाराम पाल पूर्व सांसद कानपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेलाल बघेल पूर्व विधायक सेवढ़ा म. प्र., राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रतापगढ़, राकेश बघेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आगरा, बाबा बालकदास सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, समरथ पाल प्रभारी बुंदेलखंड पिछड़ा वर्ग सपा, मोतीलाल पाल पूर्व शासकीय अधिवक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा धनगर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बघेल विकास महासभा, श्रीमती जानकी पाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुल्तानपुर मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल फौजी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर्ता के रूप में श्री श्री 1008 रामशरण दास जी महाराज श्री जगन्नाथ मंदिर अयोध्या धाम व श्री श्री 1008 गंगादास जी महाराज हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम ने किया । विवाह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संरक्षक लल्लूराम पाल पूर्व प्रधान लोहई, सुनील पाल आमखेड़ा युवा जिलाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष महिला सभा श्रीमती रजनी पाल, महासचिव गजराज पाल हरदोई, दशरथ पाल फौजी संगठन सचिव, गजेन्द्र पाल शहपुरा युवा जिला प्रभारी, जिला संरक्षक बुद्धसिंह पाल अमगुवा, एडवोकेट बब्बू पाल पिपरिया कानूनी सलाहकार, वरिष्ठ समाजसेवी शिवराम पाल बघौरा, राधेश्याम पाल अकोढी नगर अध्यक्ष उरई, प्रमोद पाल पत्रकार मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई तथा परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम जगतपुरा अहीर निवासी रणजीत पुत्र दल सिंह प्रजापति अपनी बाइक से किसी कार्य से जा रहा था। तभी उसकी बाइक कुठौंद थाना क्षेत्र के हड़रुख रोड से गुजर रही थी, उसी दौरान पीछे से आ रहे ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि रणजीत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# थाना समाधान दिवस में फरियादियों को मिली त्वरित राहत, डीएम-एसपी ने मौके पर कराया शिकायतों का निस्तारण

## - सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश, खाली जमीनों पर हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित थाना समाधान दिवस के तहत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने एट कोतवाली सभागार में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस के दौरान कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें एक आवास से संबंधित तथा दूसरी पारिवारिक विवाद की शिकायत शामिल रही। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई कर दोनों शिकायतों का निस्तारण करा दिया, जिससे फरियादियों ने राहत महसूस की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी एवं लेखपाल को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न होने पाए। जहां कहीं भी अवैध कब्जे की स्थिति मिले, वहां तत्काल नोटिस जारी करते हुए पीपी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि खाली पड़ी सरकारी भूमि का सदुपयोग करते हुए वहां गौशालाओं के लिए हरे चारे की बुवाई कराई जाए, जिससे निराश्रित गोवंश के लिए चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर डीएम की पैनी नजर, किसानों से सीधे संवाद कर जाना हाल

## समर्थन मूल्य पर पारदर्शी खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश, किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एट मंडी परिसर में स्थापित खाद्य विपणन एवं पीसीएफ के गेहूं क्रय केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तौल व्यवस्था, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता की बारीकी से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को बिना किसी असुविधा के गेहूं खरीद की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यदि किसी किसान को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वह सीधे प्रशासन से संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का तत्काल समाधान कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और इसी क्रम में इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित हो तथा किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय कर चुके किसानों से दूरभाष पर बात कर फीडबैक भी लिया। किसानों ने बताया कि केंद्रों पर गेहूं की खरीद सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ की जा रही है तथा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। किसानों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं इसी प्रकार बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# महाराणा प्रताप जयंती पर उरई में भव्य बाइक जुलूस व गोष्ठी का आयोजन

## महाराणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का लिए संकल्प

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारत माँ के वीर सपूत राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जालौन ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। शहर में बाइक जुलूस निकालकर चुर्खी बाईपास चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा को फूलमाला चढ़ाई गई और जोशीली नारेबाजी की गई। मनोज चौहान कोटेदार एवं विजय प्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के बाद शिवानी टावर, बधौरा बाईपास रोड पर गोष्ठी हुई।

भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि महाराणा प्रताप गरीबों के मसीहा और बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध जीवनभर संघर्ष किया, जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाईं, फिर भी हल्दीघाटी के युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया। प्रताप ने कभी अधर्म के आगे सिर नहीं झुकाया, स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया मौजूद रहे राघवेंद्र सिंह रुरा, यागवेन्द्र सिंह, बीरु लौना, लक्ष्य वीर सिंह, रामेन्द्र सिंह बना (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा), श्रद्धा सेंगर, राशि राजपूत, पूजा शुक्ला, शैलेंद्र वोहदपुरा, शीतल सेंगर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन का अवैध मिट्टी एवम् मौरंग खनन के साथ ओवरलोडिंग पर "सर्जिकल स्ट्राइक" 13 वाहन किये गये सीज

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में जनपद में अवैध मिट्टी एवं मौरंग खनन और परिवहन माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी क्रम में बीती रात दो बड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की गईं। 08 मई 2026 को जनपद में नवनियुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जालौन रिंकू सिंह को रात्रि प्रतापुरा में अवैध मिट्टी खनन की सूचना प्राप्त हुई। रिंकू सिंह तत्काल प्रतापपुरा पर हो रहे अवैध मिट्टी खनन पर छापेमारी की गई। अवैध मिट्टी खनन में लिप्त 05 ट्रैक्टर और 01 जेसीबी को पकड़कर नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए कोतवाली जालौन में निरुद्ध किया गया। मौके पर राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), उमेश कुमार खनिज विभाग व कोतवाली कालपी की टीम मौजूद रही।

इसी प्रकार मनोज कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी, कालपी व अवधेश कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, कालपी के नेतृत्व में कालपी क्षेत्र में एनआर एवम् ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस सघन चेकिंग अभियान में मौरंग लदे 06 ओवरलोड ट्रक और गिट्टी से लदा 01 ओवरलोड ट्रक के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया है, यह कार्यवाही रात्रि से सुबह तक चलती रही। उक्त कार्यवाही में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), उमेश कुमार खनिज विभाग व कोतवाली कालपी की टीम मौजूद रही। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अध्किारी (प्रवर्तन) के अनुसार उपरोक्त कार्यवाही में परिवहन विभाग को लगभग 9.00 लाख रुपए से अधिक प्रशमन शुल्क की प्राप्ति होगी व उमेश कुमार के अनुसार खनिज विभाग को लगभग 10.00 लाख रुपए की प्राप्ति होगी इसके अतिरिक्त वाणिज्य कर विभाग को भी बड़ी मात्रा में राजस्व की प्राप्ति होगी।

# एसडीएम ने क्रय केंद्रों का औचक निरिक्षण किया

## केंद्र प्रभारियों को फटकार लगा,अतिरिक्त तौल बंद करने के निर्देश दिए

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों पर व्यापारियों का गेहूं खरीदे जाने की सूचना मिलने पर एसडीएम ने क्रय केंद्रों का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान से अतिरिक्त गेहूं लिए जाने पर उन्होंने केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाई और अतिरिक्त तौल बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी में मिली गंदगी पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर जबाब मांगने के निर्देश मंडी सचिव को दिए हैं।



एसडीएम रिंकू सिंह राही को सूचना मिल रही थी कि नवीन गल्ला मंडी में संचालित सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों पर कुछ केंद्र संचालक किसानों के साथ व्यापारियों का गेहूं खरीद रहे हैं। शिकायतों की सच्चाई जानने के लिए वह एसडीएम न्यायिक विश्वेशर सिहं के साथ मंडी पहुंचे। मंडी पहुंचने पर वहां फैली गंदगी को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई तथा औरं ठीक न होने पर ठेकेदार चंद्रपाल वर्मा को नोटिस देकर कार्रवाई करने के निर्देश मंडी सचिव को दिए। उन्होंने व्यापारियों को भी निश्चित स्थान पर कूड़ा डालने के लिए निर्देशित किया। कहा कि भविष्य में जिस व्यापारी की दुकान के सामने गंदगी दिखेगी तो उसकी गंदगी के साथ फोटो खिचवा कर प्रदर्शित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदे गए गेहूं की बोरी की तौल करायी तो उसमें 50 किलो 400 ग्राम गेहूं निकला। जिस पर उन्होंने केंद्र संचालकों से कहा कि 400 ग्राम प्रति बोरी गेंहू किसानों से क्यों अधिक लिया जा रहा है। इसे बंद किया जाए और किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। एसडीएम ने मौके पर मिले किसान शंभू दयाल, विजय आदि से बातचीत की और गेहूं बेचने में कोई दिक्कत होने को लेकर चर्चा की। कोई शिकायत न मिलने पर उन्होंने क्रय केंद्र संचालकों को निर्देशित किया किया किसानों को कोई परेशानी न हो। केंद्र पर सिर्फ किसानों का ही गेहूं खरीदा जाए। अगर व्यापारी की खरीद होते हुए मिली तो सीधे रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इस मौके मंडी सचिव अंकित गुप्ता, रवि कुमार, राघवेंद्र सिंह गुर्जर, निखिल श्रीवास्तव आदि रहे।

## महाराणा प्रताप की 492वीं जयंती महाराण प्रताप साइंस एकेडमी में धूमधाम से मनायीं गयी

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** महान प्रतापी महाराणा प्रताप की 492वीं जयंती महाराण प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में मनाई गई। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर उनके जीवन का प्रदर्शन किया। अध्यापकों ने भारत के गौरवशाली अतीत की जानकारी देकर बच्चों को महापुरूषों के पदचिन्हों पर चलने के लिए जागरूक किया।

शनिवार को महान प्रतापी राजा महाराणा प्रताप की 492वीं जयंती पर नगर के महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक मंगलसिंह चौहान व प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि मेवाड़ के 13वें राजपूत राजा महाराणा प्रताप का जन्म 1540 में हुआ था। महाराणा प्रताप को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता है। हल्दी घाटी में मुगल शासक अकबर के खिलाफ लड़ा गया युद्ध इतिहास के सबसे चर्चित युद्ध में से एक है। इस युद्ध में अपनी छोटी सी सेना के साथ, उन्होंने मुगलों की विशाल सेना को नाकों चने चबवा दिए थे। जंगल में रहकर घास की रोटी खाने वाले महाराणा ने मातृभूमि के हितार्थ झुकना स्वीकार नहीं किया। रघुवीर सिंह राजावत ने कहा कि अपने शौर्य, पराक्रम और बहादुरी के लिए पहचाने जाने वाले अमर बलिदानी महाराणा प्रताप की जयंती पर हमें उनके मातृभूमि के रक्षा के लिए उनसे सीख लेने की जरूरत है। आज भी उनका नाम लेते ही रगों में देशभक्ति और बहादुरी अपने आप दौड़ पड़ती है। इस दौरान बच्चों ने महाराणा प्रताप की जीवन गाथा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिन्हें देखकर उपस्थितजन सिहर उठे। इस मौके पर हरिओम प्रजापति, कमल कुमार, जहीर, रंजीत सिंह राजावत, चंद्रभूषण, सुनील, अनुपमा, निधि, साक्षी, संगीता, धीरज, अमन, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## आवारा पशुओ के विचरण से हो रही आए दिन दुर्घटनाए

**-अलग अलग दो जगह हुए हादसा में तीन लोग घायल**

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** क्षेत्र में आवारा पशुओं के विचरण से आए दिन हो रही दुर्घटनाए रूकने का नाम नही ले रही है।आवारा पशुओ की वजह से दो अलग-अलग सड़क हादसे हो गए, जिनमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।पहली घटना सुबह करीब 8 बजे उरई रोड स्थित ग्राम पड़री के पास हुई। ग्राम छोंक, कालपी निवासी अनिल कुमार पुत्र जगदीश अपने रिश्तेदारी के शादी समारोह में शामिल होकर मोटरसाइकिल से वापस गांव लौट रहे थे। तभी अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे अनिल घायल हो गए। सूचना मिलने पर उनके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

वहीं दूसरी घटना करीब 9 बजे कोंच-उरई रोड स्थित आशीर्वाद होटल के पास हुई। ग्राम असूपुरा निवासी नारायण दास जाटव अपने साले वेद प्रकाश के साथ मोटरसाइकिल से उरई कोर्ट तारीख पर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे लड़ रही दो गाय अचानक बाइक के सामने आ गईं। आवारा गायों को बचाने के प्रयास में बाइक फिसल गई और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।लगातार हो रहे हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## डकोर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद जालौन के थाना डकोर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 पेटी सील बंद तथा 23 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रणवीर उर्फ गोलू पुत्र थान सिंह निवासी कस्बा डकोर, थाना डकोर जनपद जालौन के रूप में हुई है। संयुक्त टीम ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस एवं आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## किराये के मकान में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के उमरार खेड़ा मोहल्ले में शुक्रवार देर रात एक 18 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवांगी (18 वर्ष) मूल रूप से थाना एट क्षेत्र के कस्बा एट की निवासी थी और वर्तमान में उरई के उमरार खेड़ा मोहल्ले में अपनी दो अन्य बहनों के साथ किराये के मकान में रह रही थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे से कोई हलचल न होने पर बहनों को शक हुआ। दरवाजा खोलकर देखा तो शिवांगी फंदे पर लटकी मिली। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि युवती द्वारा आत्मघाती कदम उठाने के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल मामले में कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है।

## कोबरा सिपाहियों से अभद्रता के आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । सारंगपुर रोड पर कोबरा सिपाहियों के टोकने पर दो लोगों ने सिपाहियों के साथ अभद्रता करते हुए गाली, गलौज कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दबगरान निवासी अनिल कुमार व चौधरयाना निवासी अभिषेक कुमार शुक्रवार की रात शराब के नशे में सारंगपुर रोड पर टहल रहे थे। रात में गश्त करते हुए कोबरा सिपाही बृजवीर एक और साथी के साथ वहां से निकले। जब उन्होंने वहां से जा रहे अनिल व अभिषेक से पूछतांछ की तो दोनों व्यक्ति कोबरा सिपाहियों के साथ अभद्रता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुचे चौकी प्रभारी मनीष तिवारी ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

## हर्षोल्लास से मनाई गई महाराणा प्रताप जी की जयंती

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे अन्य विद्यालय को जोड़ने के लिए आचार्यो को किया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, शिशु वाटिका में प्रार्थना सभा के उपरान्त महाराणा प्रताप जी की जयंती मनाई गई ।जिसमें प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा एवं प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सुनील पाठक ने किया।आचार्य पंकज बाजपेई ने महाराणा प्रताप के शौर्य और पराक्रम के बारे में बताया ।विद्यालय की प्रधानाचार्या ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस और वीरता का वर्णन किया एवं महाराणा प्रताप के विभिन्न पहलुओं एवं समाजिक गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही गत सत्र मे संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे नगर के अन्य विद्यालय जोड़ने हेतु विद्यालय के आचार्य मनीष अग्रवाल, अंजना चचोदिया, साधना चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत मे मदर्स डे पर शिशु वाटिका बालिका की छात्राओ ने अपनी माँ पर एक एक मिनट की स्पीच दीं अंत मे सभी का आभार प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा ने व्यक्त किया ।उपरोक्त कार्यक्रम में सभी आचार्य/आचार्या दीदी, भैया एवं बहिनें उपस्थित रहे।

## शुभेन्दु सरकार के शपथ ग्रहण होते ही झूम उठे भाजपाई

### राहगीरो को झालमुडी खिलाकर जश्न मनाया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही नगर के भाजपाई खुशी से झूम उठे ।जैसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी,गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सभी भाजपा शासित राज्यो के मुख्यमंत्रियो एवं वरिष्ठ भाजपा नेतागणो की उपस्थित में शुभेन्दु अधिकारी ने बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली तो नगर के भाजपाई खुशी से झूम उठे तथा ढोल नगाडो के साथ जमकर गोले दागे ।भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेष सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के नेतृत्व में जयप्रकाश नगर स्थित पोद्दार भवन पर झालमुडी वितरण की गयी ।भाजपाईयो ने राहगीरो को बंगाल की प्रसिद्ध एवं चुनाव में विपक्षियो द्वारा चर्चा का विषय रही झालमुडी बांटी ।लोगो ने जमकर झालमूडी खाई तथा कहा कि मोदी ने बंगाल चुनाव में एक दुकानदार से दस रूपय की झालमुडी खाकर विरोधियो की बोलती बंद कर दी थी ।जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेष सोनी ने कहा बंगाल की जनता ने मोदी पर पूरा विश्वास कर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाई है ।उन्होने कहा शुभेन्दु अधिकारी ने शपथ ग्रहण कर प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाया है कि अब प्रदेश में गुंडाराज नही चलेगा ।वही नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने कहा कि बंगाल की जनता ममता सरकार के गुंडाराज से बुरी तरह से परेशान थी ।बंगाल की जनता ने ममता सरकार का करारा जवाब देकर कमल को खिला दिया है ।इस मौके पर जयप्रकाश सोनी,सुधीर सोनी,संजय गुप्ता(बबलू),विवेक अग्रवाल, सिद्दीक ठाकुर, राजकुमार यादव,रजत सकेरे,अभिषेक सोनी,राकेश यादव, अमित सोनी,विक्रम ठाकुर सभासद, पवन सोनी,कोषाध्यक्ष अनिल कपूर, इस्लाम मंसूरी,आमिर राईन,सचिन सोनी,ललूस यादव, शुभ सोनी,दर्श सोनी,शिवाय,आसी,देवांश,जयप्रकाश अग्रवाल, अनिल सोनी,विक्की गुप्ता,मनीष गुप्ता,शिवसिंह कुशवाह, छोटेराजा यादव, अरविंद मिश्रा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम ने छापामारी कर मिट्टी भरे पांच ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी मशीन को पकडी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** औरैया मार्ग पर ग्राम प्रतापपुरा में रोक के बाद भी मिट्टी का अवैध खुदाई लम्बे समय से चल रही थी। महीनों से चल रहे मिट्टी के अवैध कारोबार की मिल रही शिकायतों पर एसडीएम ने छापामारी कर मिट्टी भरे पांच ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी मशीन को पकड़ ली। पकड़ी गई मशीन व ट्रैक्टर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और अवैध परिवहन के मामले में परिवहन विभाग ने ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

मिट्टी का अवैध कारोबार नगर क्षेत्र के आसपास लंबे समय से चल रहा है। नगर के आसपास के गांव औरेखी, जगनेवा, हरीपुरा व प्रतापपुरा से अवैध रूप मिट्टी की खुदाई व बिक्री की जा रही है। शुक्रवार की देर रात एसडीएम रिंकू सिंह राही को सूचना मिली कि प्रतापपुरा मौजे में मिट्टी की अवैध खुदाई चल रही है। जिसके बाद एसडीएम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मिट्टी के अवैध कारोबार में लगे मिट्टी से भरे पांच ट्रैक्टर ट्राली समेत और मिट्टी की खुदाई में लगी जीसीबी मशीन को पकड़ लिया। अधिकारियों के पहुंचते ही मिट्टी कारोबारियों में हडकंप मच गया और मौका पाते ही कुछ ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकले। एसडीएम ने मिट्टी के अवैध कारोबार में पकड़े गए ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। साथ ही इसकी जानकारी खनन विभाग व परिवहन विभाग को दी है। परिवहन विभाग की टीम ने मिट्टी से भरे मिले पांच ट्रैक्टरों पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही खनन विभाग भी अवैध खनन के मामले की जांच कर रहा है। एसडीएम ने बताया कि मिट्टी कारोबारी के मामले में पकड़े गए ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जालना में धर्म परिवर्तन मामला, युवती का 9 साल शोषण, भीड़ ने फूंका आरोपी का घर



( यंग भारत न्यूज )

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के जालना जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक युवती के साथ लंबे समय तक यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों ने पूरे इलाके में सांप्रदायिक और सामाजिक तनाव पैदा कर दिया है।

शुक्रवार को इस घटना के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा निकाला गया 'जनआक्रोश मोर्चा' हिंसक हो गया, जिसके बाद उग्र भीड़ ने मुख्य आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, यह शोषण कोई हालिया घटना नहीं बल्कि पिछले 9 वर्षों से चला आ रहा एक अंतहीन सिलसिला था। आरोपी ने युवती की कुछ निजी तस्वीरें और वीडियो हासिल कर लिए थे, जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसे वीडियो कॉल पर अश्लील हरकतें करने के लिए मजबूर करता था और विरोध करने पर जान से मारने या समाज में बदनाम करने की धमकी देता था। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पीड़िता ने आरोपी के परिवार पर भी गंभीर आरोप लगाए। शिकायत के मुताबिक, आरोपी और उसके परिजनों ने पीड़िता पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए लगातार दबाव डाला, उसे उर्दू और मराठी भाषा में अनुवादित कुरान दी गई और जबरन नमाज पढ़ने का तरीका सिखाने की कोशिश की गई। साल 2018 में आरोपी के माता-पिता और भाई ने उसे अपने वालसावंगी स्थित घर बुलाया, जहाँ कथित तौर पर उसके कपड़े बदलवाकर उसे बुर्का पहनने पर मजबूर किया गया। पीड़िता ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया ने उसे मानसिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया था। जैसे ही यह मामला सार्वजनिक हुआ, जालना के स्थानीय नागरिकों और हिंदू संगठनों में भारी रोष फैल गया। शुक्रवार को हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। इस 'विराट जनआक्रोश मोर्चे' में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सबसे अधिक थी। पूरा गांव पीड़िता को न्याय दो और आरोपियों को फांसी दो जैसे नारों से गूँज उठा। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, लेकिन प्रदर्शन के दौरान माहौल इतना उग्र हो गया कि भीड़ में से कुछ लोगों ने मुख्य आरोपी के घर पर हमला कर दिया और उसे आग लगा दी। देखते ही देखते घर जलकर खाक हो गया। दमकल विभाग और पुलिस ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। फिलहाल गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार, स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर गश्त बढ़ा दी गई है। आगजनी की घटना की अलग से जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि भीड़ को किसने उकसाया।

# बेख़बर मंत्री जी? चोरी हुआ लेटर पैड, बदलवा दिया गया ओवरब्रिज का मॉडल !

## आरटीआई एक्टिविस्ट के आंदोलन से खुलासा



( यंग भारत न्यूज )

गोरखपुर: केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और बांसगांव से सांसद कमलेश पासवान का लेटर हेड चोरी करके चौरी-चौरा विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का मॉडल बदलवा देने का मामला प्रकाश में आया है.

आरटीआई एक्टिविस्ट और ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर ने इसे लेकर आंदोलन शुरू किया और आरटीआई से जानकारी निकाली, तब केंद्रीय मंत्री ने मीडिया के सामने स्वीकार किया है कि जिस ङ्ग मॉडल को संस्तुति प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 60 करोड़ से अधिक का बजट जारी किया था. उनके लेटर पैड को चोरी करके किसी ने इसके स्वरूप को बदलने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा. उन्होंने कहा कि रुमॉडल नहीं ङ्ग मॉडल पर ही पुल बनेगा. जनता को कोई परेशानी नहीं होगी. जिन्होंने भी लेटर पैड की चोरी की होगी, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी. वहीं मॉडल को लेकर आंदोलन करने वाले काली शंकर यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के लेटर पैड ही नहीं समिति अन्य जनप्रतिनिधियों का भी लेटर हेड इस प्रोजेक्ट के मॉडल को बदलने में उपयोग किया गया है. इसका खुलासा भी वह जल्द ही करेंगे. मॉडल को बदलने में एक दर्जन से अधिक अधिकारियों तक फाइल गुजर गई और मंत्री को पता भी नहीं चला. मौके पर काम भी होने लगा. उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर इस मामले की ष्टक्चढ्ढ और सीबीसीआईडी जांच की मांग की है. काली शंकर ने कहा है कि मंत्री द्वारा स्वीकारोक्ति और जन आंदोलन के साथ यह जन-शक्ति की यह जीत है. अब यह पुल अपने ङ्ग मॉडल पर बनेगा, जिससे व्यापारियों को लाभ होगा. जनता को लाभ होगा और यातायात भी सुगम होगा. काली शंकर ने कहा कि बेनकाब होने के डर से जनता के आगे मंत्री का झुकना उनकी मजबूरी बन गई. उनके आंदोलन में चौरी चौरा के व्यापारी और जनता का बड़ा जन सैलाब उमड़ रहा था. यह देखकर सांसद और केंद्रीय मंत्री समेत विधायक आदि परेशान थे. सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं. उन्होंने कहा कि हमने आरटीआई के जरिए सीधा सवाल पूछा है कि ङ्ग मॉडल को रुमॉडल में बदलवाने के लिए किन-किन जिम्मेदार लोगों ने अपने लेटर पैड पर सिफारिशी पत्र लिखे थे ? यह वह डर है जो उन चेहरों को बेनकाब करेगा जो जनता का वोट लेकर जनता के ही सीने पर रु-मॉडल का बोझ डाल रहे थे. हमने सीबीसीआईडी, विजिलेंस और देश की सर्वोच्च ऑडिट संस्था ष्ट्न (भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) से जांच की मांग की है.

# पंडित बनकर घर में घुसे, सांप दिखाकर लूटा हिंदुओं का करोड़ों का सोना,



( यंग भारत न्यूज )

गोंडा: क्या आपके घर पूजा कराने वाला पंडित वाकई 'पंडित' है ? या फिर वो नाम बदलकर, तिलक लगाकर आपके मंदिर में घुसपैठ करने वाला कोई 'जिहादी ठग' है ? गोंडा पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसने 'शिव शक्ति ज्योतिष' के नाम पर न सिर्फ हिंदुओं की गाढ़ी कमाई लूटी, बल्कि उनकी आस्था का भी गला घोंटा है। चेहरे पर हिंदू नाम का नकाब तो था, लेकिन असलियत में बुलंदशहर और मेरठ के 'मजहबी सिंडिकेट' के गुर्गे थे। ये गिरोह अखबारों में पर्चे बांटकर खुद को महान ज्योतिषी बताता था, लेकिन हकीकत में ये लोगों के घर के सोने और चांदी पर गिद्ध जैसी नजर रखता था।

दरअसल, मामला शहर के ददुवा बाजार का है। जहां पीड़ित संजय कुमार रस्तोगी ने 'पंडित रामस्वरूप शर्मा' समझकर जिसे घर बुलाया था। वो असल में नमशेर, हसरत अली, इमरान, इन्साद और तोहिद थे। 42 दिनों तक ये ठग 'विशेष अनुष्ठान' के नाम पर ढोंग करते रहे। जब घर का 750 ग्राम सोने और चांदी कलश में रखवाया गया, तब असली खेल शुरू हुआ। पंडित बने इन जेहादी ढोंगियों ने कलश से अचानक 'काला सांप' निकाला। सांप के निकलते ही परिवार खौफ में आ गया। जिसके बाद पीड़ित परिवार से इन्होंने कहा 'देवता नाराज हैं, कमरे में छिप जाओ '। बस इसी डर का फायदा उठाकर ये बहरूपिए लुटेरे सारा माल समेटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित संजय रस्तोगी ने बताया कि परिवार में कुछ ठीक नहीं चल रहा था। घर के सदस्य बीमार रहते थे। परिवार में खुशहाली जैसे खत्म हो गई थी। संतान की खुशियों के लिए वह एक इस्तेहार देखकर इन ज्योतिषों के पास पहुंचा। लेकिन संत के चोले में इन पांचों जेहादियों ने पूरे परिवार के आस्था पर ऐसा चोट किया जो शायद वर्षों न भर सके। इन्होंने पूजा-पाठ का हर काम बारीकी से किया, ताकि किसी को शक न हो कि यह हिंदू नहीं मुसलमान है। इन्होंने पूजा के समय एक मटके में घर और दुकान के सारे जेवरात रखवाए और

# योगी सरकार दे रही बिजली उपभोक्ताओं को कमाई का मौका

## सोलर रूफ टॉप से होगी इनकम



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हर वर्ग के युवाओं को लगातार सौगात दे रही है. अब योगी सरकार राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को कमाई का मौका दे रही है. दरअसल, योगी सरकार अब लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल से कमाई का मौका दे रही है.

इसके लिए उपभोक्ता पॉवर एक्सचेंज ऐप पर बिजली की दरें भी अपनी शर्तों पर तय कर सकते हैं. इसके साथ ही बिजली बेच सकते हैं. जिसे पीयर टू पीयर ट्रेडिंग कहा जाता है. चलिए जानते हैं ये कैसे काम करता है. बता दें कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीईआरसी की ने ये नई पहल शुरू की है. जिसके तहत वर्तमान में सोलर रूफ टॉप से पैदा होने वाली बिजली को उपभोक्ता के घर पर खपत के अलावा पॉवर ग्रिड को भेज दिया जाता है. इस योजना के तहत पॉवर ग्रिड सिर्फ 2 से 3 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदता है. इस योनजा के तहत ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाए हैं, वह नई तकनीक के माध्यम से पीयर टू पीयर एनर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर करके अपने सोलर पैनल से पैदा हुई बिजली को 4 से 6 रुपये या उससे ज्यादा दाम पर भी बेच सकते हैं. पॉवर एक्सचेंज के जनरल मैनेजर अंकित के मुताबिक, अगर आपके घर पर सोलर पैनल लगा है आपने अतिरिक्त बिजली बनाई है तो आप उसे आपने ग्रिड को दे दी. ग्रिड आपको 2 से 3 रुपए प्रति यूनिट की दर से भुगतान करता है. जबकि पॉवर एक्सचेंज ऐप पर न्यूनतम 4 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली बेच सकेंगे. ये बिजली किसी की दुकान है, कॉमर्शियल प्लेस है, कंपनी या छोटा उद्योग के लिए बेची जा सकेगी. जो डिस्कॉम से 12 रुपए प्रति यूनिट बिजली खरीदते हैं. उन्होंने कहा कि अब हमारे ऐप पर बिजली बनाने यानी सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ता कमर्शियल बिजली खरीदने वाले दोनों होंगे. सोलर पैनल वाले ऐप पर कहेंगे कि हम 6 रुपये प्रति यूनिट बिजली बेच रहे हैं, तो कमर्शियल वाले को भी फायदा होगा वह 12 की जगह 6 रुपए में ही आपकी बिजली खरीद लेंगे. पॉवर एक्सचेंज के जनरल मैनेजर अंकित ने बताया कि किसी उपभोक्ता ने बिजली बनाई, तो उसको इसके बारे में डिस्कॉम को जानकारी देनी होगी कि मैं अपनी बिजली पॉवर एक्सचेंज को बेचना चाहता हूं. ये वैसे ही काम करता है जै शेयर बाजार में स्टॉक बेचे जाते हैं. उसी प्रकार से उपभोक्ता पॉवर एक्सचेंज को सूचित करेंगे कि मेरे पास 10 यूनिट एक्स्ट्रा बिजली है मैं इसे इस रेट पर बेचना चाहता हूं. यानी अगर ऐप पर आप 6 रुपये प्रति यूनिट की दर से अपनी बिजली बेचना चाहते हैं, तो उसकी जानकारी आपको देनी होगी. जैसे वर्तमान में ग्रिड पर अधिकतम आपकी बिजली 3 रुपए प्रति यूनिट बिकती है, जबकि इस ऐप पर न्यूनतम बिजली की दर 4 रुपये प्रति यूनिट है. ऐसे में जो बड़े उद्योग बिजली खरीदते हैं, उन्हें 12 रुपए प्रति यूनिट न्यूनतम दर के हिसाब से बिजली मिलती है. ऐसे में उन्हें लगेगा कि अगर 6 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली पॉवर एक्सचेंज पर मिल रही है ऐसे में वे सोलर पैनल से आधी कीमत पर बिजली खरीद लेंगे. ऐसे में कमर्शियल बिजली खरीदने वाले उपभोक्ता को 6 रुपये का फायदा होगा. जबकि सोलर पैनल से बिजली बनाने वालों की बिजली 3 रुपये की जगह 6 रुपये में बिक जाएगी. जिससे दोनों को फायदा होगा.

# कानपुर व्यापारी हत्याकांडः पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की खौफनाक वजह आई सामने, चौराहे पर शव रख परिजनों ने किया हंगामा

( यंग भारत न्यूज )



**कानपुर:** कानपुर में फीलखाना थाना क्षेत्र के होजरी व्यापारी विजय चौरसिया की सनसनीखेज हत्या के मामले में नया मोड़ आया है. शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच में यह साफ हो गया है कि व्यापारी की मौत सिर में गंभीर चोट से नहीं, बल्कि गोली लगने से हुई थी. वहीं, घटना से आक्रोशित परिजनों ने शनिवार को बड़े चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. दरअसल, शुक्रवार शाम को हुई इस वारदात के बाद शुरुआती कयास लगाए जा रहे थे कि विजय पर किसी धारदार हथियार या ईंट से हमला किया गया है, लेकिन शनिवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुलिस ने पुष्टि की है कि गोली मारकर हत्या की गई थी. अपर पुलिस उपायुक्त शिवा सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गोली लगना पाया गया है. आरोपी विशाल ने विजय की गोली मारकर हत्या की है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जब परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे, उसी दौरान आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने बड़े चौराहे पर शव सड़क पर रख दिया. इससे इलाके में जाम की स्थिति बन गई. परिजनों की मांग थी कि नामजद आरोपी विशाल गुप्ता उर्फ विशाल बाबा को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो. हंगामे की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा. पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे परिजनों को समझाया और आश्वासन दिया कि पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा. अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को राजी हुए. बता दें कि बीते शुक्रवार को शिवाला निवासी 42 वर्षीय विजय कुमार चौरसिया का शव हाता स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल पर लहूलुहान हालत में मिला था, जिसके बाद परिजनों ने आरोप लगाया था

# पहले भरोसे में लेकर रेप, फिर 70 हजार में बेचा; बड़ी दर्दनाक है नाबालिग की दास्तां

( यंग भारत न्यूज )



**कौशांबी।** कौशांबी पुलिस ने एक बड़े मानव तस्करी गैंग का भंडाफोड़ किया है. यह गैंग नाबालिग लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर उनका रेप करता और फिर दूसरे जिलों व राज्यों में बेच देता था. पुलिस ने एक नाबालिग पीड़िता को बचाया और गैंग के पांच सदस्यों को कानपुर से गिरफ्तार किया है.

उत्तर प्रदेश की कौशांबी पुलिस ने मानव तस्करी के गैंग का खुलासा किया है. इस गैंग के बदमाश नाबालिग लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर पहले रेप करते थे और फिर उन्हें दूसरे जिलों या राज्यों में ले जाकर बेच देते थे. कौशांबी पुलिस ने मामले की जांच करते हुए एक नाबालिग लड़की को बरामद किया है. वहीं गैंग में शामिल पांच लोगों को अरेस्ट किया है. अब पुलिस इस गैंग द्वारा अंजाम दिए गए अन्य वारदातों की पड़ताल कर रही है. पुलिस के मुताबिक गैंग के 5 सदस्यों को कानपुर से गिरफ्तार किया है. इनमें 2 महिलाएं अनुराधा, मंजू देवी और 3 पुरुष सुमित कुमार, शाहरुख हुसैन और अंशु जाटव शामिल हैं. ये सभी आरोपी कासगंज, हाथरस, एटा और मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं. पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 7 मोबाइल फोन और 13,150 रुपए नकद बरामद किए हैं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ, अपहरण, रेप और मानव तस्करी के अलावा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर इनसे पूछताछ शुरू कर दी है है. एसपी कौशांबी सत्यनारायण प्रजापत के मुताबिक कोखराज थाना पुलिस को बीते 25 मार्च को एक शिकायत मिली थी. इसमें थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी घर से नाराज होकर कहीं चली गई है. इस सूचना पर पुलिस ने लड़की की तलाश शुरू की. सर्विलांस की मदद से पुलिस ने इस लड़की का पीछा किया उसकी लोकेशन कानपुर में मिली. इसके बाद कौशांबी पुलिस ने दबिश देकर 22 अप्रैल की शाम किशोरी को बरामद कर लिया. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कानपुर रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात मैनपुरी के रहने वाले अंशु जाटव से हुई. उसने सब्जबाग दिखाकर झांसे में लिया और उसे एटा के नया गांव अलीपुर में रहने वाले शाहरुख हुसैन के घर ले गया. जहां दोनों उसके साथ रेप किया. फिर इन दोनों ने हाथरस के सिकंदराराऊ के उमरायपुर गांव में रहने वाली अनुराधा पत्नी हरी सिंह के साथ मिलकर कासगंज के गौसगंज गांव में रहने वाली मंजू देवी को 70 हजार रुपए में बेच दिया. इसके बाद मंजू ने जबरन उसकी शादी अपने देवर सुमित से करा दी. पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि उसके साथ बार बार रेप हुआ. जब भी उसने विरोध किया या विरोध करने की कोशिश की तो उसके साथ मारपीट की गई. ऐसे में उसने आरोपियों के चंगुल से मुक्त होने की उम्मीद ही छोड़ दी थी. पुलिस के सामने रोते हुए पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद आरोपियों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया था. यहां भी उसके साथ कई बार रेप हुआ.

# खाकी हुई शर्मसार! 9 साल की बच्ची के बाद नाबालिग लड़का आया सामने, हफ्तेभर में अफसर के खिलाफ दूसरा यौन उत्पीड़न मामला



( यंग भारत न्यूज )

मुंबई। मुंबई के वर्ली इलाके में डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस रैंक के एक अधिकारी को एक सार्वजनिक पार्क में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने और छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक गंभीर घटना सामने आई है, एक ऐसी घटना जिसने पुलिस विभाग की विश्वसनीयता को हिलाकर रख दिया है, उसे बदनाम किया है, और एक बार फिर पुलिस की वर्दी की प्रतिष्ठा को धूमिल कर दिया है. मुंबई के वर्ली इलाके में डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस रैंक के एक अधिकारी को एक सार्वजनिक पार्क में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने और छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.

आरोपी, जितेंद्र दादाराव नवनीत (56), को वर्ली पुलिस ने 24 अप्रैल की सुबह हिरासत में ले लिया, जिसके बाद एक अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया. इस मामले के संबंध में, वर्ली पुलिस ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और फिलहाल आगे की जांच में जुटी हुई है. वर्ली पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार, यह घटना 23 अप्रैल की शाम लगभग 7:00 बजे हुई थी. पीड़िता एक छोटी बच्ची वर्ली के सिंह गार्डन में खेलने गई थी. आरोप है कि इसी दौरान, आरोपी वहां पहुंचा, बच्ची के सामने अश्लील हरकतें कीं, और उसे अपने निजी अंगों को छूने का निर्देश दिया. ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। इस अचानक और चौंकाने वाले अनुभव से डरकर, बच्ची दौड़कर घर गई और तुरंत अपनी मां को पूरी घटना बताई. बच्ची की मां, जो एक घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं, ने बिना किसी देरी के पुलिस से संपर्क किया. शिकायत मिलने पर, वर्ली पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. प्रारंभिक पूछताछ और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर, आरोपी पुलिस अधिकारी की पहचान की गई और उसके बाद कुछ ही घंटों के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी, जितेंद्र नवनीत, मूल रूप से नागपुर का रहने वाला है और नवंबर 2025 तक मुंबई में पुलिस महानिदेशक के कार्यालय में तैनात था। वह पुलिस संचार और ढ्ढञ्ज विभाग से जुड़ा था और वर्ली पुलिस कैंप में अकेला रहता था. यह मामला पुलिस विभाग के भीतर संवेदनशील पदों पर तैनात अधिकारियों की जवाबदेही, अनुशासन और निगरानी तंत्र के संबंध में गंभीर सवाल खड़े करता है. पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस मामले की जांच हर संभव कोण से की जा रही है. जांच में तब एक नया मोड़ आया जब एक और नाबालिग लड़का सामने आया और पुलिस को बताया कि, लगभग एक हफ्ता पहले, आरोपी ने उसके साथ भी इसी तरह की अनुचित हरकतें की थीं. पुलिस ने इस दावे को अपनी जांच के दायरे में शामिल कर लिया है और इसकी सत्यता की पुष्टि के लिए एक अलग जांच शुरू की है. वर्ली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और 79, साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया है. ये धाराएं नाबालिगों के यौन उत्पीड़न और यौन शोषण से संबंधित हैं. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोप अत्यंत गंभीर हैं; नतीजतन, गिरफ्तारी के लिए तुरंत कार्रवाई की गई, और इस मामले की जांच पूरी तरह से कानूनी प्रोटोकॉल के अनुसार आगे बढ़ रही है. हालांकि, पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती है: सिंह गार्डन, जहां यह घटना हुई थी, वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे. इसके परिणामस्वरूप, पुलिस को कोई भी सीधा दृश्य प्रमाण नहीं मिल पाया है. फिलहाल, बच्चों के बयानों, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और अन्य दस्तावेजी रिकॉर्ड के आधार पर मामले को मजबूत करने के प्रयास चल रहे हैं. कानून का पालन करते हुए, पुलिस ने दोनों नाबालिगों के बयान विधिवत दर्ज कर लिए हैं. अधिकारी अब मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो आगे की कार्रवाई की दिशा और जांच की रूपरेखा तय करेगी.

# सिपाही की सट्टेबाज गर्लफ्रेंड दरोगा बनना चाहती थी

## एमटेक कर रही, झांसी में लिव-इन में रहती थी; 2 करोड़ की ज्वैलरी-कैश बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** जनपद में आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सिपाही की गर्लफ्रेंड यशस्वी द्विवेदी (24) दरोगा बनना चाहता थी। पिछले महीने दरोगा भर्ती परीक्षा में शामिल हुई थी। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि यशस्वी बीएड पास थी। टीचर एग्जाम भी दिया था। सफल नहीं हुई तो एमटेक में दाखिला ले लिया।

यशस्वी और सिपाही रजत सिंह झांसी की पॉश कॉलोनी रॉयल सिटी में किराए के फ्लैट में 12 महीनों से लिव-इन में रह रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को छापा मारकर यशस्वी और उसकी साथी निशा खान (32) को गिरफ्तार किया था। इस दौरान सोने के 100-100 ग्राम के 9 बिस्किट, 1.55 करोड़ की ज्वैलरी, 19 लाख कैश, 12 मोबाइल और लैपटॉप भी जब्त किए। दरअसल, सट्टा गैंग को भाजपा नेता आशीष उपाध्याय लीड करता था। 7 दिन पहले वह दिल्ली से गिरफ्तार हो चुका है। अभी सिपाही समेत 5 आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति ने बताया कि सीपरी बाजार थाना पुलिस शुक्रवार सुबह बिहारी तिराहा पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रॉयल सिटी के फ्लैट छ९ में बड़े लेवल पर आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलवाया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल टीम के साथ पहुंचकर फ्लैट में छापा मारा। पुलिस ने छनियापुरा की रहने वाली यशस्वी द्विवेदी (24) और प्रेमनगर के शास्त्री नगर के रहने वाली निशा खान (32) को गिरफ्तार किया। वहां सोफे के पास एक ट्रॉली बैग रखा था। जिसे चेक करने पर भारी मात्रा में कैश और गहने बरामद हुए। 1.46 करोड़ का सोना और 11 लाख की चांदी समेत कैश और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए। एसएसपी ने बताया- पूछताछ में पता चला कि यशस्वी सिपाही रजत की गर्लफ्रेंड है। उसके पिता देवेंद्र द्विवेदी (52) होमगार्ड हैं। यशस्वी के परिवार में उसकी मां और एक 11 साल का छोटा भाई भी है। वहीं, सिपाही रजत अपने साथी सुमित साहू, आशीष उपाध्याय, विशेष भार्गव, प्रभात अग्रवाल और 3 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाता है। सभी लोग फ्लैट पर आकर मोबाइल और लेपटॉप के माध्यम सट्टेबाजी करते थे। सट्टा खिलाने के एवज में कैश और गहने मिले थे, जिसे बैग में रखकर रजत कुछ दिन पहले फ्लैट पर लाया था। आईपीएल लीग खत्म होने के बाद पैसे और गहनों का बंटवारा होना था। इसमें से दोनों महिलाओं को भी हिस्सा मिलना था। निशा खान आरोपी सुमित की महिला मित्र है। सभी के खिलाफ सीपरी बाजार में बीएनएस एवं जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, रजत के कहने पर यशस्वी अपने परिवार को छोड़कर आ गई थी। दोनों रॉयल सिटी जैसी पॉश कॉलोनी में किराए पर फ्लैट लेकर लिव-इन में रहने लगे। बाद में वह रजत के साथ ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार में भी शामिल हो गई। गिरफ्तारी के बाद उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि जो उसे पत्नी का दर्जा नहीं दिला सका, उसने आखिरकार जेल पहुंचा दिया। पुलिस अब यशस्वी के बैंक खातों और वित्तीय लेनदेन की जांच में जुटी है। आशंका है कि सट्टा गिरोह से जुड़ी रकम और संपत्ति उसके माध्यम से ठिकाने लगाई जाती थी। सूत्रों का कहना है कि पैसों के बंटवारे को लेकर निशा और यशस्वी के बीच विवाद हुआ था। इस बीच पुलिस फरार आरोपी सुमित को तलाशते हुए उसके घर पहुंची। यहां से निशा की जानकारी मिली। पुलिस ने जब निशा से पूछताछ की तो उसने यशस्वी की पोल खोल दी। निशा ने पुलिस को बताया कि यशस्वी नकदी लेकर झांसी छोड़ने की तैयारी में है। आरोपी सिपाही रजत कुमार 12 दिन पहले सुर्खियों में आया था। तब उसने बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में थार गाड़ी से रिटायर्ड असिस्टेंट रजिस्ट्रार मनीराम वर्मा (70) को रौंद दिया था। मनीराम की मौके पर ही मौत हो गई थी। तब उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। एसएसपी ने सस्पेंड कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी थी। कुछ दिन पहले ही वह जेल से छूटकर आया था। गुरुवार को ही उसने लाइन में आमद कराई थी। इसके बाद उसका नाम सट्टा में सामने आ गया। एसएसपी ने शुक्रवार को सिपाही रजत को बर्खास्त कर दिया। सस्पेंड होने से पहले रजत पूंछ थाने में तैनात था। वह कई सालों तक एसओजी में भी रहा है।

# एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज में मनाई गयी महाराणा प्रताप जी की जयंती

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** प्रेमनगर नगरा में स्थित एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज में स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती विद्यालय प्रबंधक ठा.अरुण सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाई गयी व सर्वप्रथम महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की गयी उसके पश्चात महाराणा प्रताप जी को पुष्पांजलि सहित नमन कर उनके जीवन पर गोष्ठी आयोजित की। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ व विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा महाराणा प्रताप की शौर्य पराक्रम की गाथा का गान किया गया और संगोष्ठी में बताया कि धर्म एवं स्वाधीनता के रक्षक वीर योद्धा महाराणा प्रताप जी की जयंती पर आज उन्हें नमन किया गया। युद्ध मे वीरता के कारण हमेशा जीते। दृढ़ संकल्प के धनी भारत वीर पुत्र थे। राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने बलिदान दिया। तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से ठा.अर्जुन सिंह, ठा.अरुण सिंह, गौरव सिंह, ऋषभ सिंह, रोहन सिंह, ए.सलीम खान, नजाकत अली, श्याम सुंदर अवस्थी, नरेश मिश्रा समेत शिक्षक एवं समाजसेवी बंधु विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे व संचालन प्रधानाचार्य पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया। अंत मे आभार ज्ञापन संदीप साहू नगरा ने किया।

# झांसी के केतन कुशवाहा को भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम की कमान

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** हॉकी इंडिया ने आगामी जूनियर एशिया कप की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली चार मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय अंडर-18 पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के उभरते खिलाड़ी केतन कुशवाहा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है।यह पूरी श्रृंखला 15 से 20 मई तक भोपाल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सेंटर में खेली जाएगी। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए 24 सदस्यीय टीम का चयन किया है, जिसमें युवाओं के जोश और कौशल का संतुलन देखने को मिल रहा है।

घोषित टीम में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सावन कुमार, आयुष रजक और विशाल बड़ा के कंधों पर होगी। वहीं, डिफेंस को मजबूती देने के लिए अंश बहुत्रा, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपक प्रकाश टोप्पो, करण गौतम और करण धानुक को चुना गया है। मिडफील्ड में खेल को नियंत्रित करने का जिम्मा प्रेमचंद सोय, राहुल यादव और वरिंदर सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पास होगा। केतन कुशवाहा स्वयं फॉरवर्ड लाइन में खेलेंगे। उनके साथ आकाश दीप और शाहरूख अली विपक्षी टीम के घेरे में सेंध लगाने और गोल दागने की मुख्य भूमिका निभाएंगे। केतन को कप्तानी मिलने की खबर से झांसी के खेल प्रेमियों और हॉकी हलकों में भारी उत्साह है। केतन ने खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से बातचीत में कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यह घरेलू सीरीज हमारी टीम के लिए जूनियर एशिया कप से पहले अपनी कमियों को सुधारने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का बेहतरीन मौका साबित होगी।

# सी. एल. एम. इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे पर कार्यक्रम सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )





**झांसी।** सी. एल. एम. इंटरनेशनल स्कूल झाँसी में मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका का डॉ. रश्मि शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर व विद्या की देवी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की माताओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया द्य बच्चों के द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए द्य कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

बच्चो द्वारा रंगारंग कारिक्रम किये गए. देखकर माताएँ खुशी के आसूं नहीं रोकपाई विद्यालय की निदेशिका डॉ. रश्मि शुक्ला ने कार्यक्रम में आई हुई सभी माताओ से अपील की कि माताएं बच्चों के द्वारा किए गए गलत कार्य में सहयोगी ना बने और उनको विद्यालय के सभी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करें द्य द्वइस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री प्रमोद नारायण अवस्थी व विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती प्रभा अवस्थी उपस्थित रहे द्य अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिवाकर दुबे द्वारा आई हुई सभी माताओ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वधान में भारत माँ के अमर सपूत महाराणा प्रताप की जयंती मनाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा की 'स्वदेश, स्वधर्म और स्वाभिमान' की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर देने वाले महाराणा प्रताप जी भारतीय इतिहास के ऐसे कालजयी महानायक हैं, जिन्होंने विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि की आन, बान और शान से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन त्याग, तप, पराक्रम और राष्ट्रनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। हल्दीघाटी के रण से लेकर वन-वन संघर्षपूर्ण जीवन तक, उन्होंने स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की रक्षा हेतु हर कठिनाई को हंसते हुए स्वीकार किया, किंतु पराधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया। उनका अटल संकल्प, अद्वितीय शौर्य और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी प्रत्येक भारतवासी के हृदय में राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और कर्तव्यनिष्ठा की ज्योति प्रज्वलित करता है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मधुपाल सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप जी का गौरवशाली जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और धर्म, संस्कृति एवं मातृभूमि की रक्षा हेतु हर त्याग छोटा है। उनका प्रेरणादायी व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव साहस, शौर्य, आत्मसम्मान और राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर करता रहेगा। राष्ट्र सदैव उनके अद्वितीय बलिदान, वीरता और अमर गौरव का ऋणी रहेगा। इस दौरान भाजपा नेता जिला सहकारी विकास संघ के निदेशक कुंवर लाखन सिंह अस्ता,रितेश सिंह, संजीव सिंह राजावत,साकेंद्र सिंह, रुद्रप्रताप सिंह बुंदेला,शिवम राजा परमार, अजय सिंह राजावत, सुमंत सिंह, विजय सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह कुशवाह आदि रहें।

# बड्स एंड ब्लूम्स विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर के विद्यालय बड्स एंड ब्लूम्स में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम सिंह दीखित प्रधान प्रतिनिधि अस्ता, धर्मेंद्र पटेल प्रधान (हरदुआ), राजेश पटेल सरसेंडा, राममोहन पटेल प्रधान , पुष्पेंद्र पटेल (भड़ोखर), जितेंद्र पटेल (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) एवं खेर इंटर कॉलेज गुरसराय के प्रवक्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आईएसएसओ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। साथ ही इस सत्र में नवोदय एवं सैनिक विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों — उत्कर्ष सिंह सैंगर, शगुन वर्मा, अंशिका, रुद्रांश, रुद्र प्रताप, अक्सा मंसूरी, कार्तिक पटेल एवं अर्पिता — को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सत्र 2025-26 में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता पटेल ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक पुरुषोत्तम पटेल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय परिवार के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नीरज पाठक एवं हर्ष मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण — श्रीमती नीता मौर्य, सोमनाथ, अभिमन्यु, आदित्य तिवारी, शिवम सोनी, दीप्ति मैम, स्नेहा मैम, रोशनी मैम, आरती मैम, कनिमा मैम, अलीजा मैम, शिवांगी मैम, दीपा मैम, श्रद्धा मैम तथा वाइस प्रिंसिपल रविंद्र कुमार पटेल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों व शिलिपियों को पुरस्कृत किया जायेग

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उप्र माटीकला बोर्ड की ओर से विगत वषों की भांति झांसी मण्डल मँ वित्तीय वर्ष 2026-27 में माटीकला व माटी शिल्पकला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों व शिलिपियों को पुरस्कृत किया जायेगा, इस योजना के अन्तर्गत मिटटी के बर्तनों, खलिौनॉ.मूर्तियोॉ आदि का निर्माण कर जीविकोपार्जन करने वाले प्रजापतियों, माटीकला शिलिपियों, परंपरागत कारीगरों में जो उत्कृष्ट कार्य करते है, उनको मंडल स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें चयनित प्रथम पुरर्कार 15.000 रू0 द्वितीय पुरस्कार 12.000 रू0 और तृतीय पुरस्कार 10,.000 रू0 की धनराशि कै चैक के साथ प्रशस्ति पत्रसे सम्मानित किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https./ /upmatikalaboard.in/Home/MatikalaPuraskar 31.05.2026तककर सकते है, आवेदक नामांकन फार्म के साथ आधार कार्ड.जाति प्रमाण पत्र, बैक पासबुक की फोटोकॉपी, स्वय की फोटो और एउत्पाद की फोटो अपलोड करना होगा, अधिक जानकारी हैतु इच्छक अगये जिला ग्रामोद्योग कार्यालय इलाइट सिनेमा के पीछे झांसी एवं मोबाइल नं 7408410797 तथा मो0न0 9935118886 पर संपर्क कर सकते है।

# बी एच ई एल झांसी द्वारा प्रा वि चन्द्रापुर को वाटर कूलर किया गया भेंट

( यंग भारत न्यूज )



**तालबेहट।** आज कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत प्रा वि चन्द्रापुर को वाटर कूलर भेंट किया गया।इस अवसर पर बी एच ई एल झांसी से डी जी एम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रा वि चन्द्रापुर की प्रधानाध्यापिका श्रीमती पुष्पलता कटियार एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रापुर से प्रधानाध्यापक श्री संतोष कुमार गुप्ता ने डी जी एम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। ए आर पी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में बी एच ई एल के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

डी जी एम ने अपने को बच्चों के बीच पाकर बच्चों को भविष्य में सफल होने के लिए प्रेरित किया और अपने स्कूल की यादों को साझा किया। उत्तर प्रदेश प्रा शि संघ तालबेहट ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर ए आर पी आजाद सिंह, विद्यालय परिवार से मानवेंद्र सिंह,श्रीमती शर्मिला,बाल्मीकि राजन,भैयासाहब आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक से खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह शिक्षक नेता देवेश शर्मा विजय मिश्रा व अमरेश राय ने विद्यालय परिवार को शुभकामनायें प्रेषित की।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718